# 'सरकार रचनात्मक जनकल्याणकारी कार्यों के माध्यम से विकास के पथ पर अग्रसर'

■ विधायक ने रखी मणौत सिटी हॉस्पिटल भवन की आधारशिला

■ 2 करोड़ 11 लाख की लागत में बनेगा नया भवन



बीदासर : क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने कस्बे के राजकीय मणोत हॉस्पिटल परिसर में बनने वाले राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मणोत सिटी हॉस्पिटल के भवन व स्टाफ क्वाटरों का शिलान्यास किया।

**बीदासर** (नि.स)। क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने सोमवार को कस्बे के राजकीय मणोत हॉस्पिटल परिसर में 2 करोड़ 11 लाख रूपये की लागत से बनने वाले राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मणोत सिटी हॉस्पिटल के भवन व स्टाफ क्वाटरों का शिलान्यास विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। वहीं इसी परिसर में राजकीय ब्लॉक आयुर्वेद चिकित्सालय बीदासर का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा की अध्यक्षता में आयोजित शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मेघवाल ने कहा कि राजस्थान की सरकार रचनात्मक जनकल्याणकारी कार्यों के माध्यम से विकास के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सोच चिकित्सा क्षेत्र को सुदृढ़ करने की रही है। इसी के तहत आज 2 करोड़ 11 लाख रूपये की लागत से बनने वाले इस भवन की आधारशिला रखी जा रही है, जिससे कस्बे के आम लोगों को सुलभ चिकित्सा व्यवस्था मिल सकेगी तथा आये दिन मरीजों के यहां से रैफर करने से भी निजात मिल सकेगी। इसके अलावा बीदासर उपखण्ड व विधानसभा क्षेत्र सुजानगढ़ में सात ओर सब सेंटरों की स्वीकृतियां मिल चुकी हैं। वहीं चिकित्सा के क्षेत्र में काफी कार्य भी चल रहे हैं, जो चिकित्सा सुविधा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष भंवरलाल पुजारी ने कहा कि मास्टर भंवरलाल मेघवाल ने इस क्षेत्र के विकास के लिए अथक प्रयास किये थे, आज उनके अधूरे कार्यों को उनका पुत्र विधायक मनोज पूरा करवा रहे हैं। इस हॉस्पिटल की स्वीकृति मास्टर भंवरलाल ने ही करवाई थी।

शहर ब्लॉक अध्यक्ष सविता राठी ने कहा कि रियासत काल में बने मणोत हॉस्पिटल ने काफी लम्बे समय तक शहरवासियों को चिकित्सा सेवाएं दी हैं। परंतु चांदी का ताला खोल कर जनता के लिए समर्पित किये गये इस हॉस्पिटल को 2008 में बंद कर दिया गया था, जिसको 2018 में मास्टर भंवरलाल मेघवाल ने पुन: चालु करवा कर बहुत बड़ा और ऐतिहासिक कार्य किया। समारोह को पूर्व प्रधान पूसाराम गोदारा, वयोवृद्ध नेता मेघराज सांखला, विद्याधर बेनीवाल ने भी संबांधित किया। समारोह में उपखण्ड अधिकारी श्योराम वर्मा, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश धानिया, मुख्य ब्लॉक आयुर्वेद अधिकारी ललित मिश्रा, पालिका के अधिषासी अधिकारी भगवान सिंह, उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव, पार्षद गोपाल गुर्जर, पन्नालाल मेघवाल, हनुमान गुसाईवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष खालिद बल्खी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवाहर सिंह राठौड़, मकसूद भुट्टा, गोविन्द सोनी ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## काव्या चौधरी ने गौरवान्वित किया



**सादुलपुर,** (निसं)। फर्स्ट इंडिया चैनल, ह्यूमप केयर सोसायटी, वोटफा के तत्वावधान में ऑनलाइन आयोजित समारोह में सादुलपुर की बेटी काव्या चौधरी ने वूमेन ऑफ द फ्यूचर अवॉर्ड 2021 प्राप्त कर अपने समाज और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। काव्या खेल गाँव राजस्थान के महासचिव राजेश पूनियां ने बताया कि पांचवी कक्षा में पढ रही काव्या बिटिया ने मात्र 9 वर्ष की आयु में उपलब्धि हासिल कर माता पिता और परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं 413 प्रतियोगिताओं को टक्कर देकर 15 ज्यूरी मेंबर के पैनल द्वारा काव्या को मिरर राईटिंग के कौशल हेतु इस अवॉर्ड के लिए चुना गया।

गौरतलब है कि काव्या ने अपनी मम्मी अन्तरराष्ट्रीय खिलाडी, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, युवा लेखिका डॉ. मीनू पूनियां के न शे कदम पर चलते हुए देश के राष्ट्रगान को हिन्दी भाषा मिरर राईटिंग में सबसे कम समय में लिखकर मात्र 6 वर्ष की उम्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। काव्या अपनी माँ को अपना आदर्श मानती है तथा उन्हीं की तरह पढने और लेखन का शौक रखती है।

# बंदियों और परिजन के बीच फिर बढ़ी दूरी, कोरोना के कारण जेल में मुलाकत पर लगी रोक

■ कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने फेस टू फेस मुलाकात व्यवस्था को एक बार फिर बंद कर दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। कोरोना ने जेल के बंदियों को अपनों से कुछ वक्त की मुलाकात से भी दूर कर दिया है। अब परिजन जेल में अपनों से नहीं मिल पाएंगे। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ने फेस टू फेस मुलाकात व्यवस्था को एक बार फिर बंद कर दिया है। कोरोना के चलते डेढ़ साल से बंदियों की परिजन से फेस टू फेस मुलाकात बंद थी। तकरीबन डेढ़ महीने पहले ही जेल में बंदी-परिजन मुलाकात की व्यवस्था शुरू हुई थी। अब जेल में बंदियों को ई-मुलाकात, यानि कि मोबाइल पर वीडियो कॉलिंग के जरिए मुलाकात या फिर एसटीडी फोन के जरिए परिजनों से बातचीत कराई जाएगी। इस संबंध में कारागार महानिदेशक ने आदेश जारी किए हैं।

झुंझुनूं जेल के डीएसपी भैरू सिंह ने बताया कि कारागार महानिदेशक ने आदेश जारी किए हैं। आदेश में बंदियों की परिजन से व्यक्तिगत मुलाकात पर कोरोना वायरस की वर्तमान स्थिति को देखते हुए रोक लगाई गई है। वर्ष 2020 व 2021 में कोरोना वायरस के कारण बंदियों की परिजन से व्यक्तिगत मुलाकात बंद थी। वर्ष 2020 में अप्रैल से दिसंबर तक बंदी और परिजनों की आमने-सामने मुलाकात नहीं हो पा रही थी। वर्ष 2021 में कोरोना वायरस कम हुआ तो दिसम्बर 2021 के लास्ट में मुलाकात वापस शुरू की गई। फिर तकरीबन 27 दिनों तक फेस टू फेस मुलाकात जारी रही। कोरोना बढ़ा तो यह व्यवस्था वापस बंद कर दी गई।

बंदी और परिजनों की आमने-सामने की मुलाकातें बंद होने के बाद फोन के जरिए ही बात करवाई जा रही है। इसके लिए पहले कॉल बुक करवाना पड़ता है। ऑनलाइन स्लॉट लिया जाता है, जिस नम्बर पर बात होनी है, वह दिए जाते हैं। इसके बाद जेल से परिजनों के फोन पर बात करवाई जाती है। एक बंदी 5 मिनट तक अपने परिजन से वीडियो कॉल कर सकता है।

**तनाव से मुक्त करने के लिए आवश्यक :** जेल प्रशासन का मानना है कि बंदियों को तनाव से मुक्त करने एवं अपराध की दुनिया से बाहर निकालने के लिए परिजन से मुलाकात जरूरी है।

परिजन से मिलने से उनके दिमाग में अपराध संबंधी विचार कम आते हैं। इसका फायदा यह है कि जेल में रहकर बंदी समाज व परिवार के साथ जुड़ कर जीवन बिताने की सोचते हैं। मनोचिकित्सक का भी मानना है कि बंदियों के दिमाग को दूसरी तरफ लगाना और स्थिर रखना जरूरी है। बंदी अपनों से मिलकर अपराध की दुनिया से बाहर निकलने का प्रयास करते हैं। सरकार व समाज भी गलती करने वाले व्यक्ति को सुधारना चाहता है। इसलिए परिजन से बंदियों की व्यक्तिगत मुलाकात जरूरी है।

## सड़क क्षतिग्रस्त होने से परेशानी

■ भारी वाहन गुजरे तो सड़क टूटी

**पचेरी कलां,** (निसं)। पचेरी कलां में नेशनल हाइवे का काम बना। जिससे लोगों को सुविधा तो हुई। लेकिन यह सुविधा यहां के एक दर्जन गांवों के लिए दुविधा पैदा कर गई। दरअसल हाईवे के लिए पचेरी कलां के समीपवर्ती गांवों से मिट्टी आदि को लाया गया। जिसके लिए पचेरी-सहड़ रास्ते का उपयोग किया गया। यहां से जब भारी भरकम वाहन गुजरे तो सड़क टूट गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर संबंधित ठेकेदार के वाहनों को रोक लिया। तब ठेकेदार ने आश्वस्त किया था कि काम पूरा होने के बाद वह यह सड़क भी बनवा देगा। लेकिन काम पूरा होने के बाद ठेकेदार गायब हो गया। अब ग्रामीण इस टूटी सड़क से परेशान है। करीब एक दर्जन गांव पचेरी बड़ी, अलीपुर, नया गांव, माजरी, लांबी, सहड़ और थली आदि इस सड़क से जुड़े हुए है। आए दिन यहां पर कीचड़ रहता है। जिससे बाइक सवार गिर जाते है और हादसे की आशंका बनी रहती है। सोमवार को फिर ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए जनप्रतिनिधियों पर गुस्सा उतारा। ग्रामीणों ने कहा कि वे किसी सोने की सड़क की नहीं, बल्कि डामर की सड़क की मांग कर रहे है। लेकिन किसी को कोई मतलब नहीं है।

# बालिकाओं के अधिकारों के बारे में दी जानकारी



राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को जानकारी दी।

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू के अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश बलजीत सिंह एवं प्रमोद बंसल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू, आशीष दाधीच अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति के निर्देशन में सोमवार 24 जनवरी 2०22 को ताल्लुका विधिक सेवा समिति राजगढ द्वारा कोविड-19 के निर्देशों की पालना करते हुए राष्ट्रीय बालिका दिवस पर ऑनलाईन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वेबिनार में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विजेंद्र कुमार ने बालिका शिक्षा को बढावा देने के साथ-साथ भ्रूण हत्या को एक कानूनन अपराध के साथ सामाजिक बुराई बताते हुए इस बुराई को नष्ट करने का आ ान किया तथा कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया।

वहीं साथ में दहेज प्रतिषेध अधिनियम के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बेटियों के प्रति होने वाले अपराध के संबंध में भारत देश में न केवल कठोर कानून बनाये हैं बल्कि उनकी अक्षरश पालना सुनिश्चित करवाने बाबत कठोर कदम उठाये जा रहे हैं। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय हर्ष कुमार मीणा ने भरण-पोषण अधिनियम, दंड प्रकिया संहिता में महिलाओं के अधिकारों में बारे में अवगत कराया।

## कलेक्टर द्वारा गोद ली हुई बेटी रईसा बानो को ऋण की स्वीकृति दी

**झुंझुनूं,** (निसं)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला कलेक्टर द्वारा गोद ली गई बेटी रईसा बानो को ऑनलाइन क्लास में होने वाली परेशानियों से निजात दिलवाने के लिए जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह द्वारा एंड्रोयड फोन दिया गया।

उन्होंने रईसा से कहा कि उन्हें शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा आर्थिक या पारिवारिक किसी भी प्रकार की समस्या हो, तो बिना किसी हिचक के उन्हें बताए। उसका समाधान किया जाएगा। इस दौरान महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने जिला कलेक्टर से कहा कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है और आमदनी के सोर्सेज कम है। इस पर जिला कलेक्टर ने महिला अधिकारिता विभाग की इंदिरा शक्ति महिला उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत रईसा की माता खातिजा को 10 लाख रूपए के लोन की स्वीकृति देने के आदेश राज्य सरकार के हिस्सेदारी वाले बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक योगेश शर्मा को दिए। जिस पर बीआरकेबीजी ने तुरंत सहमति दे दी। इस दौरान न्यू राजस्थान गर्ल्स कॉलेज के निदेशक इंजी. पीयूष ढूकिया ने रईसा को उनकी कॉलेज में दी जाने वाली निशुल्क शिक्षा, यूनीफार्म एवं भविष्य की शिक्षा स्वयं के स्तर पर करवाने का शपथ पत्र जिला कलेक्टर को सौंपा। इस दौरान आईसीडीएस के उप निदेशक विजेंद्रसिंह राठौड़, पीआरओ हिमांशुसिंह, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद अनीस, पीसीपीएनडीटी के संदीप शर्मा भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिला कलेक्टर ने पदभार ठाहण करने के बाद गोद ली बेटी से मुलाकात करने की बात कही और उसकी शैक्षणिक एवं पारिवारिक स्थिति की जानकारी ली।

## छात्रों ने कॉलेज का गेट बंद किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। सोमवार को छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा पूर्व जिला महासचिव एनएसयूआई राहुल जाखड़ के नेतृत्व में कॉलेज का गेट बंद कर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कॉलेज प्रशासन के साथ पूर्व महासचिव राहुल जाखड़ की तीखी नोकझोंक भी हुई। पूर्व महासचिव जाखड़ ने बताया कि पिछले महीने लाइब्रेरी नहीं खुलने पर बार-बार प्रशासन से मिला गया एवं हर बार आश्वासन दिया गया। लेकिन लाइब्रेरी की तरफ महाविद्यालय प्रशासन की तरफ से कोई भी कदम नहीं उठाया गया था। उसको लेकर छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के बाहर एकत्रित होकर कक्षाओं का बहिष्कार किया एवं महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा कर धरने पर बैठ गए। एक घंटे के बाद महाविद्यालय प्रशासन आया। जिसमें प्रशासन के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई एवं लाइब्रेरी खुलने के बाद ही महाविद्यालय का ताला खोला गया।

# मरूदेश संस्थान द्वारा संतोष व्यास स्मृति सृजन सेवा सम्मान घोषित

**सुजानगढ़** (निसं)। मरूदेश संस्थान द्वारा महिला शिक्षा के प्रति समर्पित पूर्व प्राचार्य संतोष व्यास की पुण्य स्मृति में स्थापित "संतोष व्यास स्मृति सृजन सेवा सम्मान" स्व. व्यास की छठी पुण्यतिथि पर घोषित किये गये। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि वर्ष 2०2० का यह सम्मान सुजानगढ की पहली महिला राजस्थान न्यायिक सेवा में चयनित यास्मीन खान को दिया जायेगा।

सुजानगढ में जन्मी यास्मीन खान अभी सिविल जज और न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत हैं। उनके पति डॉ .आरिफ खान नेत्र सर्जन हैं। यास्मीन खान सुजानगढ के लब्ध प्रतिष्ठित एडवोकेट सुलेमान खान चौधरी की पुत्री और यासीन खान चौधरी की पौत्री हैं। मेघावी छात्रा रही यास्मीन एमएससी जैव प्रौद्योगिकी और एलएलबी में स्वर्ण पदक विजेता और एलएलएम स्वर्ण पदक विजेता व यूनिवर्सिटी टॉपर रही हैं। संस्थाध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि इसी प्रकार वर्ष 2०21 का संतोष व्यास स्मृति सृजन सेवा सम्मान सुजानगढ की बेटी, शिक्षाविद, समाजसेविका और करमा बाई महिला संस्थान की संस्थापिका अलका चौधरी को उनकी उल्लेखनीय सामाजिक सेवाओं और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किये जा रहे उनके कार्यो की प्रशस्ति में दिया जायेगा।

अलका चौधरी संतोष व्यास की विद्यार्थी और सेठिया कन्या महाविद्यालय छात्रा संघ की अध्यक्ष भी रही है। बाल मनोविज्ञान में एम.ए., एम.एड. तक शिक्षित कुशल वक्ता अलका चौधरी पूर्व प्रधान चोखाराम चौधरी और वरिष्ठ शिक्षिका सुशीला चौधरी की सुपुत्री हैं और वर्तमान में बीकानेर रह रही हैं। सम्मान में अभिनंदन पत्र, प्रतीक चिन्ह, शॉल, श्रीफल, साहित्य व ग्यारह हजार रुपये की राशि प्रदान की जायेगी। कोरोना काल के कारण विगत दो वर्ष से आयोजन नहीं हो पाये थे। अब निकट भविष्य में कोरोना एडवाइजरी के अनुसार भव्य समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि संस्था द्वारा वर्ष 2016 में लेखिका वीणा चौहान, 2017 में डॉ. साधना जोशी प्रधान, 2018 में सुजानगढ की प्रथम महिला चिकित्सक डॉ. राजप्रभा पनगढिया और 2019 में जनसम्पर्क विभाग की संयुक्त निदेशक नर्बदा इंदौरिया को दिया गया था।

# जल भराव की समस्या से परेशान व्यापारियों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया



सुजानगढ़ नगरपरिषद के प्रारूपकार उदयसिंह से पार्षद डॉ. शर्मिला सोनी ने वार्ता की।

**सुजानगढ** (निसं)। शहर के हृदय स्थल गांधी में चौक में बरसात के दिनों के इतर आम दिनों में भी जलभराव की समस्या से परेशान व्यापारियों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। पार्षद डॉ. शर्मिला सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने पहले अरोडा होटल वाली गली के दोनो ओर बैरीकेड लगाकर बंद किया। लेकिन काफी देर बाद भी नगरपरिषद प्रशासन द्वारा सुध नहीं लेने पर आक्रोशित व्यापारियों ने माणक मेडीकल के सामने लोहे के तख्ते लगा कर रास्ते को जाम किया। जिसके बाद नगरपरिषद से वरिष्ठ प्रारूपकार उदयसिंह गुर्जर पुलिस जाप्ते के बीच गांधी चौक पंहूचे। सीआई सत्येन्द्र कुमार की उपस्थिति में उदयसिंह ने व्यापारियों के साथ वार्ता की। वार्ता के बाद प्रताप होटल से माणक मेडिकल के बीच के क्रॉस नाला, गांधीजी की मूर्ति से पोस्ट आफिस के बीच क्रॉस नाला, व पोस्ट आफिस नाले का निर्माण, महिला पुरुष शौचालय का निर्माण व गांधी बालिका स्कूल से सब्जी मंडी क्रॉस की नियमित सफाई करवाने की सहमति बनी। इससे पहले सोमवार सुबह करीब साढे 12 बजे व्यापारियों ने अरोडा होटल की गली के दोनो ओर बेरीकेड लगा कर आवागमन बंद कर दिया तथा नगरपरिषद सभापति एवं उपखण्ड अधिकारी से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई। जिसके बाद आयुक्त सोहनलाल नायक को फोन किया, लेकिन उन्होने मौके पर आने से इंकार कर दिया। इसके बाद माणक मेडीकल के पास लोहे तख्ते लगा कर गांधी चौक में आवागमन बंद कर दिया। जिस पर सफाई निरीक्षक मुन्नालाल मीणा मौके पर पंहूचे। लेकिन व्यापारियों ने उनसे कोई वार्ता नहीं की। मीणा ने सफाई कर्मियों से नालों की सफाई करवाने का काम करवाया। इसी दौरान पुलिस की गाडी बेरीकेडेड लिए गाडी आई, जिसे गांधी चौक स्थित पुराने थाने में जाना था, लेकिन व्यापारियों ने उसे नहीं जाने दिया। यातायात प्रभारी निवास पिलानिया ने भी मौके पर पंहूच कर व्यापारियों से वार्ता कर पुलिस की गाडी को जाने देने का निवेदन किया। लेकिन व्यापारी अपनी बात पर अडे रहे। जिस पर गाडी को वापस भेजना पडा। दोनो ओर से जाम करने के बाद भी नगरपरिषद प्रशासन की आंख नहीं खुली तो व्यापारियों ने जिला कलेक्टर से फोन पर वार्ता की, उसके बाद नगरपरिषद से वरिष्ठ प्रारूपकार उदयसिंह मौके पर पंहूचे और उन्होने व्यापारियों से वार्ता की। व्यापारियों में बाजार में फैले कीचड के साथ गांधी चौक स्थित शौचालयों की दशा से भी गुर्जर को अवगत करवाया। गुर्जर ने 15 दिनों में भामाशाह मार्ग, पोस्ट ऑफिस से गांधी बालिका स्कूल तक नाला निर्माण करवाने का आश्वासन दिय तथा वर्षो से बंद पडे चैम्बरों को खुलवा कर सफाई करवाने का काम शुरू करवाया। इस दौरान पार्षद डॉ. शर्मिला सोनी के नेतृत्व में गोपाल सोनी, कैलाश अग्रवाल, महेन्द्र, पंकज प्रजापत, राम सोनी, मोइन खान, प्रकाश सोनी, श्याम सोनी, प्रेम प्रजापत, नोरतन नाई, कन्हैयालाल प्रजापत, कन्हैयालाल बिनवानी, तेजकरण प्रजापत सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

## खुशियों की दुकान में चोरी

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं के नगर परिषद के फायर ब्रिगेड स्टेशन के समीप स्थित खुशियों की दुकान में भी चोरी हो गई। शहर में नेकी की दीवार की तर्ज पर जरूरतमंदों को सामान देने के लिए यह दुकान सामाजिक कार्यकर्ता देवकीनंदन कुमावत की ओर से संचालित की जाती है। रविवार को कर्फ्यू होने के कारण कुमावत दुकान के गेट के सामने शनिवार रात को ताला लगाकर चले गए। इस दुकान में काफी सामान रखा हुआ था। लेकिन सोमवार को जब देवकीनंदन कुमावत खुशियों की दुकान को खोलने पहुंचे तो उन्हें इसका गेट टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो करीब 400 बिस्कुट के पैकेट्स, 50 के करीब कंबलें, तीन-चार हजार रूपयों की किताबें व अन्य सामान चोरी मिला। जिसकी सूचना उन्होंने कोतवाली को दी है।

## आग लगी

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं शहर के रोड नंबर एक पर टीबड़ेवाला टॉवर के बाहर बिजली के ट्रांसफॉर्मर के नीचे लगी डीपी में अचानक आग लग गई।

## सार-समाचार

### डेरा अनुयायियों ने मास्क बांटे



**सादुलपुर,** (निसं)। डेरा सच्चा सौदा सिरसा के द्वारा चलाये जा रहे मानवता भलाई के 137 कार्यों को आगे बढाते हुए ब्लॉक सिद्धमुख के डेरा अनुयायियों ने विद्यालय में समस्त बच्चों को मास्क वितरित कर कोरोना से बचाव का सन्देश देते हुए छात्र-छात्राओं को कोरोना से सावधान रहने और बचाव के उपाय अपनाने तथा राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने पर जोर दिया। संस्था प्रधान कृष्ण कुमार मेहरा ने छात्र-छात्राओं को कोरोना से सुरक्षा तथा राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी देते हुए डेरा प्रेमियों का आभार जताया। ज्ञातव्य है कि डेरा सच्चा सौदा सिरसा के ब्लॉक सिद्धमुख के डेरा अनुयायियों नें विद्यालय के अलावा बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक जगहों पर लगभग एक हजार मास्क वितरित किये। इस अवसर पर मोमनराम इन्सां, देवीलाल इन्सां, राजूसिंह इन्सां, शीशराम इन्सां, कृष्ण कुमार इन्सां, बलबीर सिंह इन्सां, शमशेर सिंह इन्सां, बलवान इन्सां, महावीर इन्सां, रामजस इन्सां एवं दयाचंद इन्सां सहित ब्लॉक सिद्धमुख के अनेक साध-संगत सदस्य उपस्थित रहें।

### कोरोना जागरूकता का संदेश दिया



**सादुलपुर,** (निसं)। स्थानीय मोहता महाविद्यालय राजगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय की स्वयंसेविकाओं ने सोमवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रंगोली के माध्यम से कोरोना जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दिनेश बासोतिया ने बताया कि आज स्वयंसेविकाओं नें राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अपने नैतिक कर्तव्य का पालन करते हुए वैश्विक महामारी के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए छात्रानुभाग के मुख्य प्रवेश द्वार पर 'नो मास्क नो एन्ट्री' संदेश की रंगोली बनाई। वरिष्ठतम संकाय सदस्य डॉ राजवीर सिंह ने स्वयंसेविकाओं की पहल की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान स्वयंसेविका ईशा, पूर्वा, कल्पना, पारूल व वन्दना आदि का सहयोग रहा।

### गौशाला में किया श्रमदान



**सादुलपुर,** (निसं)। मनोकामना सिद्ध बालाजी धाम सेवा समिति की तरफ से पुजारी मनोज शर्मा के सानिध्य में श्री जुबली पिंजरापोल गोशाला में कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया। वहीं गोशाला में जहां गौमाता विचरण करती है वहीं से कंकर-पत्थर उठाया गया तथा साफ-सफाई की गई। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं के द्वारा गौमाता को गुड खिलाया गया। इस अवसर पर जुगल रोहीवाल, भानु मुदगल, विकाश सैनी, अजय सैनी, रवि सैनी, मनीष गनोलिया, प्रदीप धौलपुरिया, रमन पंवार, राहुल जोगी एवं धोलू जांगिड़

### शिक्षित करने पर बल दिया



**सादुलपुर,** (निसं)। श्री एस.जे.डी. अग्रवाल (तोला) स्मृति पी.जी. कॉलेज में सोमवार को बालिका दिवस पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' प्रकोष्ठ की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बालिकाओं को शिक्षित करने पर बल दिया और बताया कि बेटी देश का भविष्य है। इस अवसर पर छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढाओं विषय पर एकांकी की सुन्दर प्रस्तुति दी। छात्रा मुस्कान नें बालिकाओं को आगे बढने के लिए प्रेरित किया। मुकेश शर्मा ने बेटियों के महत्व पर कविता का वाचन किया। इस अवसर पर प्रो. मन्जू डैला, प्रो. मुकेश शर्मा, प्रो. अंजना बाजिया आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया

**पाटन** (नि.स)। ग्राम पंचायत राजपुरा को जल मिशन योजना अंतर्गत एक करोड़ चार लाख की स्वीकृति प्रदान करवाने पर ग्रामीणों ने विधायक सुरेश मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है , कि वर्तमान में पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए विधायक मोदी के अथक प्रयासों से ग्रामीणों को यह सौगात मिली है। इसके लिए राजपुरा गांव के लोग विधायक मोदी का आभार व्यक्त करते हैं और आशा व्यक्त करते हैं कि आगे भी इसी तरह क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुनकर उन समस्याओं को दूर करने के प्रयास करेंगे। आभार व्यक्त करने वालों में सेवानिवृत्त व्याख्याता फतेह चंद मीणा, डी पी यादव, दुर्गा प्रसाद जांगिड़, महेंद्र यादव, मदन लाल मीणा सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने विधायक मोदी को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

### एसपी ने ली क्राइम मिटिंग

**झुंझुनूं,** (निसं)। सोमवार को झुंझुनूं डीएसपी ग्रामीण कार्यालय में स्थित मोरारका सभागार में एसपी प्रदीप मोहन शर्मा ने इस साल ही पहली क्राइम मिटिंग ली। जिसमें जिले के सभी वृत्ताधिकारियों, थानाधिकारियों समेत अन्य प्रमुख पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। एसपी प्रदीप मोहन शर्मा ने बताया कि बैठक में गत वर्ष के अपराधों की समीक्षा की गई। वहीं पेंडिंग मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसके अलावा नए साल में पुलिस मुख्यालय की तय प्राथमिकताओं से सभी को अवगत करवाया। इन प्राथमिकताओं पर काम करने के लिए निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि गत वर्ष हमारी जो कमियां रही है। उसे हमें दूर करना है। वहीं जो काम हमने किया है। उसे और अच्छा करते हुए सुरक्षित माहौल बनाना है।

### हैल्थ वैलनेस सेन्टर की स्वीकृति मिली

**पाटन,** (नि.स)। नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी के अथक प्रयासों से चिकित्सा सेवाएं में बढ़ोतरी हेतु क्षेत्र को नई सौगात मिली है। नीमकाथाना क्षेत्र में 64.49 लाख रूपये की लागत से चिकित्सालयों में नये वार्ड बनेगे। जिला कपिल अस्पताल में 35 लाख रूपये, उप स्वास्थय केन्द्र हरजनपुरा में 9.83 लाख रूपये, प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र सिरोही में 9.83 लाख रूपये, प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र डाबला में 9.83 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। इन नये वार्डो का कार्य जल्द से जल्द शुरू होगा।